## सार-समाचार

### 101 फलदार पौधे वितरित किए




**रतनगढ़,**(निसं)। स्थानीय रा.उ.मा.वि.बुधवाली में कार्यरत शिक्षक धर्मवीर बिजारणियां और उनकी धर्मपत्नी मनोज जानू ने अपने पुत्र के जन्मोत्सव पर 101 फलदार पौधे वितरित कर नई पहल की है। शिक्षक प्रकाश चौधरी ने बताया की विगत दिनों विद्यालय में हरित विद्यालय कार्यक्रम में पधारे अंतराष्ट्रीय पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त पर्यावरणविद् श्यामसुंदर ज्याणी बीकानेर विश्वविद्यालय के पारिवारिक वानिकी के कार्यों से प्रेरणा लेकर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक छोटा सा कदम उठाया है जो की निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस तरह के कार्यक्रमों से पर्यावरण के प्रति आम जन में चेतना आएगी। सामाजिक कार्यक्रमों को हम पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण से जोड़कर इस अभियान को और आगे बढ़ाएंगे तो पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज और ज्यादा जागरूक होगा।

### पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित



**झुंझुनूं,**(निसं)। झुंझुनूं पतंजलि योग समिति द्वारा इंदिरा पार्क चुणा चौक में आयोजित पांच दिवसीय योग, विज्ञान एवं ध्यान शिविर के तीसरे दिन पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार के सानिध्य में प्रणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय योगा खिलाडी सुदेश चौधरी एवं विशाल कुमार ने आर्टिस्टिक एडवांस योगा का बेहतरीन प्रदर्शन किया एवं कठिन आसनों का अभ्यास किया। योग शिविर संयोजक नवीन खंडेलिया ने बताया की इंदिरा पार्क चुणा चौक में योग क्लास सुबह 5 बजे से 7 बजे तक पिछले दस वर्षो से निःशुल्क आयोजित की जा रही हैं उन्होंने कहा की योग हमारी ऋषि परम्परा हैं, समिति की तरफ से योगा खिलाडी सुदेश एवं विशाल को साफा एवं अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर नवल गाडिया, बंटी, राजकुमार सोनी, नवीन खंडेलिया, रवि पंसारी, नीरज गोयल, अनूप अग्रवाल, रींकु अग्रवाल, सविता तुलस्यान, मंजू अग्रवाल, अल्का सोनी, श्रवण रिंगसिया, भरत सोनी भी उपस्थित थे।

### हज यात्री मोहम्मद का स्वागत किया



**चूरू,** (का.सं.)। नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने हाजी मोहम्मद अयाज रिसाल दार पूर्व डीडी पी का 25 दिन की हज यात्रा करके चूरू लौटने पर बधाई देकर फुल माला से स्वागत किया। हाजी मोहम्मद अयाज का मक्का में भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि हज व तीर्थ यात्रा नसीब वाले करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक सदिक खान, रियाज बाबर डवोकेट, पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद नियाज खा, शहीद खा व खुशी मोहम्मद खान आदि थे।

### ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले भर में चोर बेलगाम हो गये है। पुलिस की नकेल नहीं होने के कारण आये दिन घरों और दुकानों को निशाना बना रहे हैं। जिसको लेकर अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हुए है। शहर के कोतवाली थाने में रामपुरिया हवेली के पास निवासी अजय राखेचा का आरोप है कि 21 अप्रेल को उनके घर का ताला तोडकर कोई अज्ञात अलमारी से 12 हजार रुपए नकद और चांदी के जेवरात चुराकर ले गया। वहीं जिन्ना रोड, कोटगेट क्षेत्र निवासी अख्तर अली ने नाल थाने में दर्ज कराया है। परिवादी का आरोप है कि नाल बड़ी स्थित उनकी दुकान से 21 अप्रेल की रात को उनकी दुकान का छत का टिन सेड तोडकर कोई अज्ञात अंदर घुस गया और पक्षियों का पिंजरा, पानी की मोटर और इलेक्ट्रिक कांटा चूरा कर ले गया।

### शोभा यात्रा का स्वागत किया हुआ

**रतनगढ़,**(निसं)। अखिल भारत हिन्दू यूवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मधुसूदन स्वामी के नेतृत्व में श्री ताल वाले बालाजी मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया खादी भंडार के पास पुष्प वर्षा व निम्बु पानी शर्बत भामाशाह के सहयोग से पिलाया गया।। जिसमें प्रदेश कार्यालय प्रभारी नन्द किशोर कन्दोई, सरीता पडिहार विकास अजीतसरिया मदन स्वामी धनराज , नरेंद्र,दलुसिह लूछं जयराम , श्याम सोनी काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कट्टे में नवजात मिला


**बीकानेर,** (कासं)। जिले के देशनोक थाना इलाके में नवजात मिला है। जिसे बेरहम मां-बाप कट्टे में बांधकर रोही में फेंक कर चले गए। जानकारी मिली हैं कि पलाना के पास एक कट्टे में नवजात के होने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत ने नवजात को पीबीएम के बच्चा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया हैं।

# 'श्योपुरा बालाजी धाम में रात्रि जागरण में उमड़ा जन सैलाब,

**चूरू,**(का.सं.)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम श्योपुरा बालाजी धाम में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विषाल शोभायात्रा व भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया।

जागरण में एक से बढ़कर एक सजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही। दो दिवसीय कार्यक्रम में मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई। पुजारी हरिचरण शर्मा ने बताया कि,सोमवार प्रातः 11 बजे मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक किया गया। सांय 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रात्री 8 बजे महाआरती की गई और रात्री 10 बजे से रात्री जागरण का आयोजन किया गया।

पुजारी हरिचरण शर्मा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। पुजारी ने श्री बालाजी ने लाड लडावे माता अंजना मेरी विनती सुनो हनुमान धरू मैं थारो ध्यान, पवन का प्यारा मां अंजना का लाड दुलारा.सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्योपुरा के बाबुलाल सैनी ने झालर शंख नगारा बाजे रै..आणौ है पवन कुमार म्हारे कीर्तन में भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। चूरू के गायक कलाकार संजय शर्मा ने आज हनुमान जयंती है, ऐसा लगता है पूरे संसार में मनती है। डॉ. सुशील हारित ने वीर बजरंगबली मुझे तेरा ही सहारा हैआदि भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहुल शर्मा ने छोटो सो बांदर हटकरग्यो सवामणी का लाडू सारा चट करग्यो सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। मंदिर के पुजारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सिरसा के माइकल मुकेश के सानिध्य में महाबली हनुमान, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और महाकाली की सजीव झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र रही।



चूरू के निकटवर्ती श्योपुरा बालाजी धाम में आयोजित रात्रि जागरण में भजनों की प्रस्तुति दी गई।

- **इस दौरान विषाल शोभायात्रा व भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया।**

मंगलवार को मंदिर परिसर से बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद पुजारी, मयंक पुजारी, महावीर पुजारी, उत्तम कुमार बील, गोपीराम चोटिया, केशर देव चोटिया, जूही हरियाणा, कमल कुमार शर्मा, निरंजन कुमार शर्मा, ज्योति काछवाल, भव्य पुजारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर के कार्यकर्ता कैलाश चन्द्र नवहाल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## असहाय बुजुर्गों को कराया भोजन

**नोखा,** (कासं)। जन अधिकार सेना के बीकानेर जिला प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद ओझा के द्वारा अपनी माताजी की पुण्यतिथि अनोखे अंदाज में मनाई।

जिस तरह आज लोग अपने जन्मदिन मनाते हैं। अपने बुजुर्गों का तिरस्कार कर रहे हैं। लेकिन इन सबसे परे होकर राजेन्द्र प्रसाद ओझा ने अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर अपना घर आश्रम में जाकर वहां पर विराजमान देवतुल्य प्रभुजी को भोजन कराया।

जन अधिकार सेना के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने बताया कि जिस तरह राजेन्द्र प्रसाद ओझा ने आज अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर जो सेवा कार्य किया है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। सभी को अपने माता जी पिताजी की पुण्यतिथि पर ऐसे कार्य करने चाहिए। साथ ही अपने जन्मदिन व अन्य खुशी के मौके पर भी ऐसे कार्य करने चाहिए ताकि समाज में एक नया उदाहरण हो और लोग मानव सेवा के प्रति आकर्षित होकर मानव सेवा करें ताकि कोई गरीब भूखा ना सोए।

शर्मा ने कहा कि लगातार संगठन के द्वारा सेवा कार्य जारी है। इसी के तहत आज संगठन के जिला प्रभारी के द्वारा अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर यह सेवा कार्य किए गए हैं। सेवा कार्य में प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, रामेश्वर लाल ओझा, राधेश्याम ओझा, संजय ओझा, ऋषभ ओझा, अमित ओझा, मोहित, विकास, सीमा, निकिता, प्रिया आदि जन उपस्थित थे।

## आई.पी.एल. पर सट्टा लगाते एक गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में पांचू थाना पुलिस ने विशेष अभियान अवैध मादक पदार्थों के धरपकड व खरीद फरोख्त के तहत कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से आईपीएल सट्टे के 01 लाख 72 हजार रूपये, एन्ड्रॉयड फोन व लाखों का हिसाब किताब जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है।आईजी ओमप्रकाश, एसपी तेजस्वनी गौतम व एएसपी ग्रामीण प्यारेलाल श्योराण के निर्देशन में सीओ नोखा हिमांशु शर्मा के निकटतम सुपर विजन में मादक पदार्थ की तस्करी के रोकथाम के अभियान के दौरान आज रामकेश मीणा एसआई थानाधिकारी पुलिस थाना पांचू व टीम द्वारा दौराने गश्त खास मुखबिर इत्तला पर मुख्य बाजार ग्राम पांचू में जितेन्द्र इलेक्ट्रोनिक दुकान में अभियुक्त जेठाराम जाट पुत्र श्रवणराम उम्र 27 वर्ष निवासी पांचू पुलिस थाना पांचू जिला बीकानेर को गिरफ्तार कर कब्जे से 29.30 ग्राम अफीम, आईपीएल सट्टे के 172000 रुपये, एन्ड्रायड

- **आरोपी के कब्जे से आईपीएल सट्टे के 1. 72 लाख रूपये बरामद किए**

फोन, लाखों के हिसाब किताब जप्त कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार आनन्द कुमार पुनि थानाधिकारी पुलिस थाना बज्जू जिला बीकानेर को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम में रामकेश मीणा उपनिरीक्षक, गंगाराम एचसी, रामनिवास, भैरूदान , रामेश्वर लाल, बलवान खींची शामिल थे।

**महिला के गले से चैन तोड़ी :** देशनोक पुलिस थाना क्षेत्र में महिला के गले से सोने की चेन तोड़ने का मामला सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट श्रीगंगानगर जिले के 1579 होमलैण्ड निवासी सुमित्रा चौहान ने देशनोक पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह देशनोक स्थित मां करणी मंदिर में दर्शन के लिए आई थी।

# ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

**खेतडी,**(निसं)। खेतडी कस्बे के शनि मंदिर के पास बनी पानी की टंकी को तोडने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर पानी की टंकी तोडने वालो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार खेतडी कस्बे

- **खेतडी में शनि मंदिर के पास बनी पानी की टंकी तोडकर बनाई जा रही है दुकानें**

के वार्ड 17 में पुराने समय से शनि मंदिर बना हुआ है। मंदिर के पास काफी समय पहले आमजन के लिए पानी की टंकी व पशुओं के लिए खेल का निर्माण करवाया गया था। पानी की टंकी का उपयोग मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होता आ रहा था। पिछले करीब तीन-चार दिन पहले कुछ लोगों ने पानी की टंकी व खेल्ल को तोड दिया। पानी की टंकी तोडने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीण गौतम मेहरा ने बताया कि कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ को लेकर पानी की टंकी को तोड दिया तथा जगह को खाली कर उस पर दुकान बनाकर कब्जा करना चाहते है। मंदिर की भूमि होने के बावजूद भी कुछ लोग दुकानों का निर्माण कर उक्त जमीन को हडपना चाहते है, लेकिन ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। मंदिर के पास बनी पानी की टंकी आमजन के लिए उपयोगी थी, लेकिन इसे तोड दिया गया, जिससे मंदिर में आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड सकता है। मंदिर के पास बनी टंकी तोडने को लेकर नगरपालिका को अवगत करवाया गया है। यदि इसके बावजूद भी टंकी का निर्माण नहीं करवाया गया तथा दुकानें बनाई गई तो ग्रामीणों की ओर से बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से तोडी गई पानी की टंकी का दोबारा निर्माण करवाने तथा ऐसा कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर प्रवीण कुमार, लक्ष्मीकांत, मनोज कुमार, मीनू, भंवरलाल, योगेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुनील, नरेश कुमार, विकास कुमार, बाबूलाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



पानी की टंकी को तोड़ने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# सालासर नगरी में उमड़े भक्त बालाजी का मनाया बर्थडे

**सुजानगढ़**(निसं)। सालासर धाम में चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित मेले में भक्तों की भारी भीड़उमड़ी, रात 2 बजे से सालासर बालाजी मंदिर के कपाट खोल दिए गए, जिसके बाद कतार में लगे श्रद्धालुओं ने बालाजी के जयकारों के साथ पूजा अर्चना की।

इस खास मौके पर बालाजी का पुजारी परिवार के द्वारा सोने के चोले का श्रृंगार किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सालासर बालाजी के खीर चूरमे का विशेष भोग लगाया गया। मंदिर को भी इस खास मौके पर फूलों से सजाया गया। मेले में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, उपाध्यक्ष मनोज पुजारी ने जिला प्रशासन का वयवस्थाओं के लिए आभार जताया। यूट्यूब पर सालासर के वीडियो देख

- **भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, रात 2 बजे से सालासर बालाजी मंदिर के कपाट खोल दिए**

चंडीगढ़ से दो दिव्यांग दोस्त आए बालाजी दर पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दो दिव्यांग दोस्त सालासर बालाजी के दर्शन के लिए चंडीगढ़ से सालासर धाम पहुंचे। चंडीगढ़ से आए राहुल, हनुमान ने खुशी- खुशी बालाजी महाराज के दर्शन कर खुद को धन्य बताया।

आसपास से बातचीत में राहुल ने बताया की हमनें यूट्यूब पर सालासर धाम के वीडियो देखे। जिसके बाद हर वक्त साथ रहने वाले दोस्त हनुमान के साथ मिलकर हमने सालासर में आकर बालाजी के दर्शन करने का निर्णय लिया। दोनों में बालाजी के प्रति आस्था इतनी थी कि दोनों ने अपनी मनोकामना में बार बार सालासर धाम बुलाने का आठाह बालाजी से किया।

हनुमान ने कहा की उनकी और राहुल की जोड़ी राम, लक्ष्मण की जोड़ी है। इससे पहले दोनों ने खाटूश्याम जी के भी दर्शन किए। दोनों ने बालाजी के दर्शन कर प्रसन्नता जाहिर की। चैत्र पूर्णिमा के तीन दिवसीय मेले में जमकर यात्रियों ने खरीददारी की। सालासर बालाजी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने चूरमे, लड्डू, चक्की की सवामनी का भोग लगाया। इसके अलावा मंदिर के बाहर की दुकानों पर भी जमकर प्रसाद बिका। वही मेले में खिलोने भी जमकर बीके। इसके अलावा यात्रियों ने विभिन्न चाट पकौड़ी का आनंद लिया।

## आज एक घंटे बिजली कटौती

**बीकानेर,** (कासं)। विद्युत तंत्र के रख-रखाव के लिए बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समय बिजली कटौती रहेगी।बीकेईएसएल के अनुसार प्रातः 07:30 बजे से 08:30 बजे तक मोहता सराय, हाफिज कॉलोनी, राव बीकाजी की टेकरी, गुलजार बस्ती, केशव राव कुआ, ईश्वर आईटीआई, मोदियों का श्मशान, छबीली घाटी, लक्ष्मीनाथ मन्दिर, लक्ष्मीनाथ पुलिया, लंका, सुनारों का मोहल्ला, भांडाशाह जैन मन्दिर, गहलोत हॉस्पिटल, शंकर पान के पास, पीएन भवन, खेतेश्वर बस्ती, गोपेश्वर बस्ती, कडानी कॉलोनी, मोहन पापड, सोनालिया भैरू मंदिर, आचार्यों का चौक, उस्तों की बारी, सुथारों की गुवाड, उस्तों का मोहल्ला, लौहार कॉलानी, बडे भैरू मन्दिर के पास, आडुजी की बारी, सुराना डेयरी के पास, सुनारों का मोहल्ला, उस्ता बारी के बाहर, जुगल भवन के पास, भट्टड़ों का चौक, हरिजन बस्ती में बिजली कटौती रहेगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

**झुंझुनूं,**(निसं)। शहर के एस एस मोदी विद्या विहार के प्रांगण में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल व प्राचार्य विजय मसीह ने रामदरबार की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने रामभक्त हनुमान के जीवन से प्रेरणा लेकर हर कार्य को पूरी निष्ठा से करने की बात कही। उन्होंने बच्चों को बताया यदि किसी कार्य में बाधा आए तो उसका डटकर मुकाबला करना चाहिए और अपने कार्य के प्रति पूरा समर्पण होना चाहिए। प्रार्थना सभा में समस्त छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। विद्यालय परिसर में ही शाम के समय संगीत शिक्षक आत्माराम

- **प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया**

जांगिड एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ ने सुंदरकांड पाठ व आरती कर हनुमान जी का आशीर्वाद माँगा। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रसाद वितरण कर सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांतमोदी, ऋिष कुमार बरासिया व गिलूराम मोदी ने हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विश्व पुस्तक दिवस पर पुस्तक पदर्शनी आयोजित

**झुंझुनूं,**(निसं)। विश्व पुस्तक दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित जिला पुस्तकालय एवं सावित्रीबाई फूले वाचनालय में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें पाठकों के लिए रखी गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने किताब की महत्ता को इंगित करते हुए नियमित अध्ययन पर जोर दिया।

उन्होंने साहित्यकार डॉ. आरडी सैनी कृत पुस्तक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि, एक किताब जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक पवन पूनिया ने कहा कि जिलेवासियों को यहां मौजूद पुस्तकों के संग्रह का अध्ययन के जरिए लाभ उठाना चाहिए। से.नि. पुस्तकालयध्यक्ष द्वारका प्रसाद सैनी ने कहा कि केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की

- **संविधान की मूल प्रति समेत पौराणिक एवं धार्मिक पुस्तकों की प्रमाणिक प्रतियां भी प्रदर्शित की गई**

तैयारी के लिए पुस्तकें पढने की बजाय विषयपरक अध्ययन करना चाहिए। इस दौरान दयाशंकर सहारण, रामावतार जांगिड, विश्वंभर राणासरिया समेत विभिन्न पाठकों ने भी अपने विचार रखे। राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदर्शनी में संविधान की मूल प्रति एवं गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित जयदयाल गोयनका कृत श्रीमद्भागवतगीता तत्वविवेचनी, गुरू ग्रंथ साहब एवं बीकानेर रियासत के इतिहास की पुस्तकों की प्रमाणित प्रतियां भी प्रदर्शित की गई।

## सेरेमनी एवं अर्थ-डे मनाया

**सीकर,** (नि.सं.)। पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में बोर्ड कक्षाओं, सी.यू.ई.टी. व जेट आई.सी.ए.आर. क्रैश कोर्स टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रिंसिपल एमआार. अग्रवाल, सीमा राजपुरोहित, एकेडमिक हेड सुरेश सिंघल व फैकल्टी मेंबर्स ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया।इस दौरान राजेश ढिल्लन ने कहा कि प्रिंस एजुहब में प्रत्येक विद्यार्थी को स्कूलिंग के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी विशेष तैयारी कराई जाती है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अर्थ डे के अवसर पर एनवायरमेंटल कंजर्वेशन थीम पर स्पीच, ड्रामा एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस इफेक्ट, नेचुरल रिसोर्सेज, चिपको मूवमेंट आदि पर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चार्ट व मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे।

# जानवर के हमले में 14 भेड़ व तीन बकरियों की मौत, पशुपालक परेशान

**सादुलपुर,** (निसं)। निकटवर्ती गांव थान मठुई में रिवाडे में बंधी भेड बकरियों पर किसी अज्ञात जानवर द्वारा हमला कर 17 भेड बकरियों को मौत के घाट उतारने एवं 07 के गंभीर घायल करने को लेकर मंगलवार को पीडित ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया है।

थान मठुई गांव का महेंद्र मेघवाल उम्र 60 साल गत 30 सालों से भेड बकरियों को पालकर अपने परिवार का पालन पोषण कर आ रहा था तथा यही उसकी आजीविका का साधन है। पीडित ने बताया कि अज्ञात जानवर के हमले के कारण 14 भेड तथा 3 बकरियों की मौत हो गई तथा 7 भेड बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई है। उन्होंने बताया कि करीबन दो लाख से अधिक की कीमत की भेड व बकरियों की मौत हो गई तथा 7 गभीर रूप घायल है। पीडित ने बताया कि उसकी रोजी-रोटी छिन गई है। पीडित ने बताया कि वह गत 3 सालों से भेड बकरियों को पालकर अपना जीवन बसर कर रहा था। लेकिन अचानक अज्ञात जानवर के हमले के भेड बकरियों की मौत एवं घायल की घटना के कारण उसकी हिम्मत टूट गई है। तथा रोजी-रोटी का भी संकट खडा हो गया है। पीडित ने बताया कि उसके दो पुत्र एक पुत्री है। जिसमें बडा पुत्र संजय 20 वर्ष, छोटा पुत्र सुनील 15 वर्ष 18 वर्षीय पुत्री माडी जो मंदबुद्धि है। संजय थोडा पढा लिखा है, जबकि छोटा पुत्र और पुत्री स्कूल नहीं गए। लेकिन अचानक हुए नुकसान की भरपाई होना तो दूर की बात बात है। मगर उस पर तो संकट का पहाड टूट पडा है। इस सम्बंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गांव थान मठुई निवासी 60 वर्षीय महेंद्र मेघवाल ने मंगलवार को मामला दर्ज करवाकर बताया कि 22 अप्रैल 2024 की रात्रि को हमेशा की तरह वह अपने खेत में बने रिवाडे में अपनी भेड बकरियों को बंद करके रात्रि को सो गया था। पीडित ने बताया कि मध्य रात्रि 1.30 बजे के लगभग भेड बकरियों के शोर की आवाज सुनाई दी तो वह उठकर मवेसियों के पास जाकर देखा तो 3 बकरी, 14 भेड मृत अवस्था में पाई गई। तथा 7 भेड गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली, यह देखकर वह घबरा गया तथा अपने पुत्र को आवाज देकर मौके पर बुलाया तथा आसपास काफी जगह पर अज्ञात जानवर के पद चिन्ह देखें। जिससे लगता है कि कोई अज्ञात जानवर ने उसके रिवाडे में घूसकर भेड बकरियों को मार डाला। सूचना पर राजगढ थाना पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पशु चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे एवं मृत मवेसियों का पोस्टमार्टम करने की कार्रवाई की है।



मठुई बंधी भेड़-बकरियों पर किसी अज्ञात जानवर द्वारा हमला ।